PHARMACY INDIA

# Community Pharmacy and Management

## Important Short Question

## Year-2023

## D.Pharm 2nd year



# Audit
# ऑडिट की परिभाषा




An audit is a systematic and documented examination of records, procedures, activities, or practices to check whether they are being carried out correctly and according to established standards, policies, or legal requirements.

ऑडिट रिकॉर्ड, प्रक्रियाओं, गतिविधियों या कार्यप्रणालियों की एक व्यवस्थित एवं दस्तावेजीकृत जॉच है, जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि कार्य निर्धारित मानकों, नीतियों या कानूनी आवश्यकताओं के अनुसार सही ढंग से किया जा रहा है।

## Purpose of Audit / ऑडिट का उद्देश्य

### 1 Identify Errors and Deficiencies / त्रुटियों और कमियों की पहचान

To identify errors and deficiencies.

त्रुटियों और कमियों की पहचान करना।




### 2 Ensure Compliance / मानकों और प्रक्रियाओं के पालन को सुनिश्चित करना

To ensure compliance with standards and procedures.

मानकों और प्रक्रियाओं के पालन को सुनिश्चित करना।




### 3 Improve Quality and Safety / सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार

To improve quality and safety of services.

सेवाओं की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार करना।



### 4 Maintain Documentation and Accountability / उचित दस्तावेजीकरण और उत्तरदायित्व बनाए रखना

To maintain proper documentation and accountability.

उचित दस्तावेजीकरण और उत्तरदायित्व बनाए रखना।




## In Pharmacy Practice / फार्मेसी प्रैक्टिस में

In pharmacy, audits are used to review activities such as dispensing, storage of medicines, record keeping, prescription handling, and compliance with standard operating procedures (SOPs).

फार्मेसी में ऑडिट का उपयोग औषधि वितरण, दवाओं के भंडारण, रिकॉर्ड संधारण, प्रिस्क्रिप्शन हैंडलिंग तथा मानक संचालन प्रक्रियाओं (SOPs) के पालन की समीक्षा के लिए किया जाता है।



Dispensing Medicines / औषधि वितरण



Storage of Medicines / दवाओं का भंडारण



Record Keeping / रिकॉर्ड संधारण



Prescription Handling / प्रिस्क्रिप्शन हैंडलिंग




Compliance with SOPs / SOPs के पालन की समीक्षा



Audit helps ensure accuracy, compliance, quality and safety in pharmacy practice.

ऑडिट फार्मेसी प्रैक्टिस में शुद्धता, अनुपालन, गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में सहायता करता है।



PHARMACY INDIA




# Self-Care Advice for a Patient Suffering from Eczema

# एक्जिमा से पीड़ित रोगी के लिए स्व-देखभाल सलाह



Eczema is an inflammatory skin condition characterized by dryness, itching, redness, and irritation. Proper self-care helps reduce symptoms and prevent flare-ups.

Eczema / एक्जिमा त्वचा की एक सूजन संबंधी स्थिति है, जिसमें सूखापन, खुजली, लालिमा और जलन हो सकती है। उचित स्व-देखभाल से लक्षणों और बार-बार होने वाली समस्या को कम किया जा सकता है।

## Self-Care Advice / स्व-देखभाल सलाह

### 1 Keep the Skin Moisturized / त्वचा को नम रखें

Apply a suitable moisturizer or emollient regularly, especially after bathing.

नियमित रूप से मॉइस्चराइजर या इमोलिएंट लगाएँ, विशेषकर नहाने के बाद।




### 2 Avoid Scratching / खुजली न करें

Scratching can damage the skin and increase the risk of infection. Keep nails short and clean.

खुजलाने से त्वचा को नुकसान और संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। नाखून छोटे और साफ रखें।



### 3 Use Mild Soap and Cleanser / हल्के साबुन का उपयोग करें

Avoid harsh soaps, detergents, perfumes, and products that may irritate the skin.

तेज साबुन, डिटर्जेंट, परफ्यूम और त्वचा में जलन पैदा करने वाले उत्पादों से बचें।




### 4 Take Short Lukewarm Baths / गुनगुने पानी से कम समय तक स्नान करें

Avoid very hot water because it may increase dryness and itching.

बहुत गर्म पानी से बचें क्योंकि इससे त्वचा का सूखापन और खुजली बढ़ सकती है।



### 5 Wear Soft Clothing / मुलायम कपड़े पहनें

Prefer loose cotton clothes and avoid rough woollen or tight clothing.

ढीले सूती कपड़े पहनें तथा खुरदरे ऊनी या बहुत तंग कपड़ों से बचें।



### 6 Avoid Known Triggers / ज्ञात ट्रिगर से बचें

Avoid substances or conditions that worsen eczema, such as dust, excessive heat, sweating, or irritating cosmetics.

धूल, अधिक गर्मी, पसीना या जलन पैदा करने वाले कॉस्मेटिक जैसे कारकों से बचें जो एक्जिमा को बढ़ाते हैं।




### 7 Use Medicines as Advised / दवाओं का सही उपयोग करें

Use prescribed creams, ointments, or other medicines exactly as advised by the doctor or pharmacist.

डॉक्टर या फार्मासिस्ट की सलाह के अनुसार निर्धारित क्रीम, मलहम या अन्य दवाओं का सही उपयोग करें।




### 8 Maintain Good Skin Hygiene / त्वचा की स्वच्छता बनाए रखें

Keep the affected area clean and gently pat the skin dry after washing.

प्रभावित त्वचा को साफ रखें और धोने के बाद रगड़ने के बजाय हल्के से थपथपाकर सुखाएँ।





Proper self-care helps control eczema, reduce flare-ups, and improve comfort and skin health.

उचित स्व-देखभाल एक्जिमा को नियंत्रित करने, समस्या की पुनरावृत्ति कम करने और त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायता करती है।



PHARMACY INDIA



# Instrument Errors in Measuring Blood Pressure
# रक्तचाप मापन में होने वाली उपकरण संबंधी त्रुटियाँ




During blood pressure measurement, inaccurate readings may occur due to defects or improper use of the sphygmomanometer, cuff, tubing, valve, or stethoscope. These are known as instrument errors.

रक्तचाप मापते समय स्फिग्मोमैनोमीटर, कफ, टयूब, वाल्व या स्टेथोस्कोप में खराबी या उनके गलत उपयोग के कारण गलत रीडिंग आ सकती है। इन्हें उपकरण संबंधी त्रुटियाँ कहा जाता है।

## Common Instrument Errors / सामान्य उपकरण संबंधी त्रुटियाँ

### 1 Incorrect Cuff Size / कफ का गलत आकार

A cuff that is too small may give a falsely high reading, while a cuff that is too large may give a falsely low reading.

बहुत छोटा कफ रक्तचाप को अधिक तथा बहुत बड़ा कफ रक्तचाप को कम दिखा सकता है।




### 2 Leakage in Cuff or Tubing / कफ या ट्यूब में रिसाव

Air leakage from the cuff, bladder, or rubber tubing prevents proper pressure maintenance and gives inaccurate readings.

कफ, ब्लैडर या रबर ट्यूब से हवा का रिसाव होने पर सही दबाव नहीं बनता और गलत रीडिंग मिलती है।



### 3 Faulty Inflation Bulb or Valve / पंप या वाल्व की खराबी

A defective bulb or valve may cause difficulty in inflating the cuff or controlling the release of air.

खराब पंप या वाल्व के कारण कफ में हवा भरने या हवा छोड़ने की गति नियंत्रित करने में कठिनाई हो सकती है।



### 4 Calibration Error / अंशांकन त्रुटि

If the sphygmomanometer is not properly calibrated, it may show readings higher or lower than the actual blood pressure.

यदि स्फिग्मोमैनोमीटर का सही अंशांकन नहीं किया गया है, तो यह वास्तविक रक्तचाप से अधिक या कम रीडिंग दिखा सकता है।




### 5 Zero Error / शून्य त्रुटि

The pointer or mercury column should start at zero. Any deviation from zero can produce incorrect readings.

सूचक या पारे का स्तंभ शून्य से प्रारंभ होना चाहिए। शून्य से विचलन होने पर गलत रीडिंग आ सकती है।




### 6 Mercury Column Defect / पारे के स्तंभ में दोष

In a mercury sphygmomanometer, dirt, oxidation, separation of mercury, or improper mercury level may affect accuracy.

पारा आधारित स्फिग्मोमैनोमीटर में गंदगी, ऑक्सीकरण, पारे का अलग होना या गलत स्तर रीडिंग को प्रभावित कर सकता है।






Proper maintenance and correct use of BP instruments are essential for accurate blood pressure measurement.

रक्तचाप मापन की शुद्धता के लिए BP उपकरणों का सही रखरखाव और उचित उपयोग अत्यंत आवश्यक है।






# Benefits of Health Screening
# स्वास्थ्य जांच के लाभ



Health screening is the process of checking apparently healthy individuals to detect diseases, risk factors, or health problems at an early stage.

Health screening / स्वास्थ्य जांच वह प्रक्रिया है जिसमें स्वस्थ दिखने वाले व्यक्तियों की जांच करके रोग, जोखिम कारक या स्वास्थ्य समस्याओं का प्रारंभिक अवस्था में पता लगाया जाता है।

## Benefits / लाभ

### 1 Early Detection of Disease / रोग की प्रारंभिक पहचान

Screening helps to detect diseases before severe symptoms appear.

स्वास्थ्य जांच गंभीर लक्षण प्रकट होने से पहले रोग की पहचान करने में सहायता करती है।



### 2 Prevention of Complications / जटिलताओं की रोकथाम

Early diagnosis and treatment can prevent the progression of disease and reduce complications.

रोग की शीघ्र पहचान और उपचार से रोग की प्रगति तथा जटिलताओं को कम किया जा सकता है।



### 3 Identification of Risk Factors / जोखिम कारकों की पहचान

It helps detect risk factors such as high blood pressure, high blood sugar, obesity, and high cholesterol.

इससे उच्च रक्तचाप, बढ़ी हुई रक्त शर्करा, मोटापा और बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल जैसे जोखिम कारकों की पहचान की जा सकती है।




### 4 Timely Treatment / समय पर उपचार

Screening allows early referral to a doctor and timely initiation of treatment.

जांच के माध्यम से रोगी को समय पर चिकित्सक के पास भेजकर शीघ्र उपचार शुरू किया जा सकता है।



### 5 Improves Treatment Outcome / उपचार परिणाम में सुधार

Diseases detected at an early stage are generally easier to manage and have better treatment outcomes.

प्रारंभिक अवस्था में पहचाने गए रोगों का प्रबंधन आसान होता है और उपचार के परिणाम बेहतर होते हैं।



### 6 Promotes Healthy Lifestyle / स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा

Screening provides an opportunity to counsel patients regarding diet, exercise, smoking cessation, and other healthy habits.

स्वास्थ्य जांच के दौरान रोगी को आहार, व्यायाम, धूम्रपान छोड़ने और अन्य स्वस्थ आदतों के बारे में परामर्श दिया जा सकता है।



Regular health screening leads to early detection, timely treatment and a healthy, productive life.
नियमित स्वास्थ्य जांच से प्रारंभिक पहचान, समय पर उपचार और स्वस्थ, उत्पादक जीवन मिलता है।

PHARMACY INDIA

# Advantages of Patient Information Leaflet




# रोगी सूचना पत्रक के लाभ



A Patient Information Leaflet (PIL) is a written document supplied with a medicine that provides important information about its proper, safe, and effective use.

Patient Information Leaflet (PIL) / रोगी सूचना पत्रक एक लिखित दस्तावेज है, जो दवा के सही, सुरक्षित और प्रभावी उपयोग से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करता है।

## Advantages / लाभ

### 1 Provides Correct Medicine Information / दवा की सही जानकारी देता है

It informs the patient about the name, purpose, dose, and method of administration of the medicine.

यह रोगी को दवा के नाम, उपयोग, खुराक और सेवन विधि के बारे में जानकारी देता है।




### 2 Promotes Safe Use of Medicines / दवाओं के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देता है

It provides information about precautions, warnings, contraindications, and proper storage.

यह सावधानियों, चेतावनियों, निषेधों और उचित भंडारण की जानकारी प्रदान करता है।




### 3 Improves Medication Adherence / दवा अनुपालन में सुधार करता है

Clear written instructions help patients take medicines correctly and regularly.

स्पष्ट लिखित निर्देश रोगी को दवा सही और नियमित रूप से लेने में सहायता करते है।




### 4 Provides Information About Side Effects / दुष्प्रभावों की जानकारी देता है

It explains common side effects and advises the patient about when medical help may be required.

यह सामान्य दुष्प्रभावों की जानकारी देता है तथा आवश्यकता पड़ने पर चिकित्सा सहायता लेने की सलाह देता है।




### 5 Reduces Medication Errors / औषधि त्रुटियों को कम करता है

Written instructions reduce confusion related to dose, frequency, duration, and route of administration.

लिखित निर्देश खुराक, आवृत्ति, अवधि और दवा देने के मार्ग से संबंधित भ्रम को कम करते है।




### 6 Acts as a Ready Reference / त्वरित संदर्भ के रूप में कार्य करता है

The patient can read the leaflet again whenever any doubt arises regarding the medicine.

दवा से संबंधित कोई शंका होने पर रोगी सूचना पत्रक को दोबारा पढ़ सकता है।






A Patient Information Leaflet supports safe medicine use, better understanding and responsible self-care.

रोगी सूचना पत्रक सुरक्षित दवा उपयोग, बेहतर समझ और जिम्मेदार स्वयं-देखभाल को बढ़ावा देता है।



PHARMACY INDIA




# Medical Condition Related Factors of Medication Adherence

# दवा अनुपालन को प्रभावित करने वाले रोग-संबंधी कारक






Medication adherence means the extent to which a patient takes medicines according to the prescribed dose, time, frequency, and duration. Certain factors related to the patient's medical condition can affect adherence.

Medication adherence / दवा अनुपालन का अर्थ है कि रोगी निर्धारित खुराक, समय, आवृत्ति और अवधि के अनुसार दवा लेता है। रोग की प्रकृति से संबंधित कई कारक दवा अनुपालन को प्रभावित कर सकते हैं।

## Medical Condition Related Factors / रोग-संबंधी कारक

### 1 Severity of Disease / रोग की गंभीरता

Patients with severe symptoms are generally more likely to follow treatment, while mild symptoms may lead to poor adherence.

गंभीर लक्षणों वाले रोगी उपचार का अधिक पालन करते हैं, जबकि हल्के लक्षणों में अनुपालन कम हो सकता है।



### 2 Duration of Disease / रोग की अवधि

Long-term or chronic diseases require prolonged treatment, which may cause treatment fatigue and reduce adherence.

दीर्घकालिक या पुरानी बीमारियों में लंबे समय तक दवा लेने से रोगी थकान महसूस कर सकता है और अनुपालन कम हो सकता है।



### 3 Presence or Absence of Symptoms / लक्षणों की उपस्थिति या अनुपस्थिति

In diseases such as hypertension or diabetes, the patient may feel normal and may stop medicines without medical advice.

उच्च रक्तचाप या मधुमेह जैसे रोगों में रोगी सामान्य महसूस कर सकता है और बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा बंद कर सकता है।




### 4 Progression of Disease / रोग की प्रगति

Worsening of disease may motivate the patient to follow treatment, whereas improvement may make the patient believe that medicines are no longer needed.

रोग बढ़ने पर रोगी उपचार का अधिक पालन कर सकता है, जबकि सुधार होने पर वह दवा को अनावश्यक समझ सकता है।




### 5 Associated Diseases / सहवर्ती रोग

Presence of multiple diseases may require several medicines and can make treatment complicated.

एक से अधिक रोग होने पर कई दवाओं की आवश्यकता पड़ सकती है, जिससे उपचार जटिल हो जाता है।




### 6 Mental and Cognitive Condition / मानसिक एवं संज्ञानात्मक स्थिति

Memory problems, confusion, depression, or poor understanding may reduce regular medicine use.

भूलने की समस्या, भ्रम, अवसाद या कम समझ के कारण नियमित दवा सेवन प्रभावित हो सकता है।




Understanding disease-related factors helps improve medication adherence and patient outcomes.

रोग-संबंधी कारकों की समझ दवा अनुपालन और रोगी परिणामों में सुधार करने में सहायता करती है।



# Benefits of Patient Counselling
# रोगी परामर्श के लाभ



Patient counselling is the process in which a pharmacist provides necessary information and guidance to the patient regarding the proper and safe use of medicines.

Patient counselling (रोगी परामर्श) वह प्रक्रिया है जिसमें फार्मासिस्ट रोगी को दवाओं के सही और सुरक्षित उपयोग के बारे में आवश्यक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान करता है।

## Benefits / लाभ

### 1 Improves Medication Adherence / दवा अनुपालन में सुधार

Counselling helps the patient take medicines in the correct dose, at the correct time and for the prescribed duration.

परामर्श रोगी को सही खुराक, सही समय और निर्धारित अवधि तक दवा लेने में सहायता करता है।




### 2 Promotes Safe Use of Medicines / दवाओं के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा

Patients are informed about proper administration, storage, precautions and possible side effects of medicines.

रोगी को दवा लेने की सही विधि, भंडारण, सावधानियों और संभावित दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी मिलती है।



### 3 Reduces Medication Errors / औषधि त्रुटियों को कम करता है

Clear instructions reduce errors related to dose, frequency, route and duration of treatment.

स्पष्ट निर्देश खुराक, आवृत्ति, दवा देने के मार्ग और उपचार अवधि से संबंधित त्रुटियों को कम करते है।




### 4 Improves Therapeutic Outcome / उपचार परिणाम में सुधार

Proper use of medicines increases the effectiveness of treatment and helps in faster recovery.

दवाओं के सही उपयोग से उपचार की प्रभावशीलता बढ़ती है और रोगी को शीघ्र लाभ मिलता है।



### 5 Prevents Adverse Drug Reactions / प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की रोकथाम

Counselling helps patients recognize possible side effects and report them at the right time.

परामर्श रोगी को संभावित दुष्प्रभावों की पहचान करने और समय पर सूचना देने में मदद करता है।



### 6 Prevents Drug Interactions / औषधि परस्पर क्रियाओं से बचाव

Patients can be advised about possible interactions with other medicines, food or alcohol.

रोगी को अन्य दवाओं, भोजन या अल्कोहल के साथ होने वाली संभावित परस्पर क्रियाओं के बारे में बताया जा सकता है।



### 7 Builds Confidence and Trust / विश्वास एवं भरोसा बढ़ाता है

Proper counselling improves the pharmacist–patient relationship and increases patient confidence in treatment.

उचित परामर्श फार्मासिस्ट और रोगी के बीच संबंध को बेहतर बनाता है तथा उपचार के प्रति रोगी का विश्वास बढ़ाता है।



### 8 Encourages Self-Care / स्वयं देखभाल को प्रोत्साहित करता है

Patients learn how to manage their medicines and minor health problems responsibly.

रोगी अपनी दवाओं और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं का जिम्मेदारी से प्रबंधन करना सीखता है।




Effective patient counselling supports safe medicine use, better health outcomes and patient–centred care.

प्रभावी रोगी परामर्श सुरक्षित औषधि उपयोग, बेहतर स्वास्थ्य परिणाम और रोगी–केंद्रित देखभाल को बढ़ावा देता है।

PHARMACY INDIA

# Importance of Listening Skill of Community Pharmacist

# सामुदायिक फार्मासिस्ट के श्रवण कौशल का महत्व





Listening skill is the ability of a community pharmacist to carefully understand the patient's problems, needs, doubts, and concerns during communication.

Listening skill (श्रवण कौशल) सामुदायिक फार्मासिस्ट की वह क्षमता है, जिसके द्वारा वह रोगी की समस्याओं, आवश्यकताओं, शंकाओं और चिंताओं को ध्यानपूर्वक समझता है।

## Importance / महत्व

### 1 Understanding Patient Problems / रोगी की समस्या को समझना

Good listening helps the pharmacist understand the patient's symptoms, complaints, and medication-related problems correctly.

अच्छा श्रवण कौशल फार्मासिस्ट को रोगी के लक्षणों, शिकायतों और दवा संबंधी समस्याओं को सही ढंग से समझने में सहायता करता है।



### 2 Effective Patient Counselling / प्रभावी रोगी परामर्श

By listening carefully, the pharmacist can provide suitable advice regarding dose, method of administration, and precautions.

ध्यानपूर्वक सुनने से फार्मासिस्ट खुराक, दवा लेने की विधि और सावधानियों के बारे में उचित सलाह दे सकता है।



### 3 Prevention of Medication Errors / औषधि त्रुटियों की रोकथाम

Proper listening helps identify misunderstandings about medicines and reduces the chances of medication errors.

सही ढंग से सुनने पर दवाओं से संबंधित गलतफहमी का पता चलता है और औषधि त्रुटियों की संभावना कम होती है।



### 4 Improves Patient Compliance / रोगी अनुपालन में सुधार

Patients are more likely to follow treatment when their questions and concerns are properly heard and addressed.

जब रोगी की बात और शंकाओं को ध्यान से सुना जाता है, तो वह उपचार का सही तरीके से पालन करता है।



### 5 Builds Trust and Confidence / विश्वास एवं भरोसा बढ़ाता है

Active listening makes the patient feel respected and develops a good pharmacist-patient relationship.

सक्रिय रूप से सुनने से रोगी स्वयं को सम्मानित महसूस करता है तथा फार्मासिस्ट और रोगी के बीच अच्छा संबंध बनता है।



### 6 Identifies Adverse Drug Reactions / प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की पहचान

Listening to patient complaints can help detect side effects or adverse drug reactions at an early stage.

रोगी की शिकायतों को ध्यान से सुनने पर दवा के दुष्प्रभाव या प्रतिकूल औषधि प्रतिक्रियाओं की समय पर पहचान की जा सकती है।



### 7 Promotes Better Communication / बेहतर संचार को बढ़ावा

Effective listening improves two-way communication and helps the pharmacist provide patient-centred pharmaceutical care.

प्रभावी श्रवण दो-तरफा संचार में सुधार करता है और फार्मासिस्ट को रोगी-केंद्रित औषधीय देखभाल प्रदान करने में सहायता करता है।



Good listening is the first step towards safe medication use and quality healthcare.
अच्छा श्रवण कौशल सुरक्षित औषधि उपयोग और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की पहली सीढ़ी है।

PHARMACY INDIA



# Dispensing Errors
# औषधि वितरण त्रुटियाँ



Dispensing errors are mistakes that occur during the preparation, selection, labelling, packaging, or supply of medicines to a patient. These errors may result in the patient receiving the wrong medicine, wrong strength, wrong dosage form, wrong quantity, or incorrect instructions.

Dispensing errors (औषधि वितरण त्रुटियाँ) वे गलतियाँ हैं जो दवा को तैयार करने, चुनने, लेबल लगाने, पैक करने या रोगी को देने के दौरान होती हैं। इन त्रुटियों के कारण रोगी को गलत दवा, गलत शक्ति, गलत dosage form, गलत मात्रा या गलत निर्देश मिल सकते हैं।

## Common Types of Dispensing Errors / सामान्य प्रकार

### 1 Wrong Drug / गलत दवा

Supplying a medicine different from the one prescribed.

डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवा के स्थान पर दूसरी दवा दे देना।




### 2 Wrong Strength / गलत शक्ति

Dispensing the correct drug but in an incorrect strength.

सही दवा को गलत शक्ति में देना।




### 3 Wrong Dosage Form / गलत औषधि रूप

Supplying tablets instead of capsules, syrup instead of suspension, etc.

निर्धारित औषधि रूप के स्थान पर दूसरा औषधि रूप देना।




### 4 Wrong Quantity / गलत मात्रा

Providing more or less medicine than prescribed.

पर्चे में लिखी मात्रा से कम या अधिक दवा देना।




### 5 Labelling Error / लेबलिंग त्रुटि

Incorrect patient name, dose, frequency, route, or storage instructions on the label.

लेबल पर रोगी का नाम, खुराक, आवृत्ति, मार्ग या भंडारण निर्देश गलत लिखना।




### 6 Omission Error / दवा छूट जाना

Failure to dispense one or more prescribed medicines.

लिखी गई एक या अधिक दवाओं को देना भूल जाना।




### 7 Wrong Patient / गलत रोगी को दवा देना

Supplying medicine intended for one patient to another patient.

एक रोगी की दवा किसी दूसरे रोगी को दे देना।




### 8 Expired or Damaged Medicine / एक्सपायर्ड या खराब दवा देना

Dispensing medicines that are expired, damaged, or improperly stored.

समाप्ति तिथि पार कर चुकी, खराब या अनुचित रूप से संग्रहीत दवा देना।




Prevention of dispensing errors ensures patient safety, effective therapy and trust in healthcare.

औषधि वितरण त्रुटियों की रोकथाम रोगी सुरक्षा, प्रभावी उपचार और स्वास्थ्य सेवा में विश्वास सुनिश्चित करती हैं।

PHARMACY INDIA




# Components of a Standard Operating Procedure (SOP)
# मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के घटक



SOP (Standard Operating Procedure) is a written document that provides step-by-step instructions for performing a specific task in a uniform, safe and correct manner.

SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एक लिखित दस्तावेज है, जिसमें किसी विशेष कार्य को समान, सुरक्षित और सही तरीके से करने के लिए चरणबद्ध निर्देश दिए जाते हैं।

## 1 Title / शीर्षक

Clearly states the name of the procedure or activity.

इसमें प्रक्रिया या कार्य का स्पष्ट नाम लिखा जाता है।




## 2 SOP Number / SOP संख्या

A unique identification number is assigned to every SOP for easy reference and control.

प्रत्येक SOP को पहचान और रिकॉर्ड के लिए एक विशिष्ट संख्या दी जाती है।




## 3 Purpose / उद्देश्य

Describes why the SOP is prepared and what it is intended to achieve.

यह बताता है कि SOP क्यों बनाई गई है और इसका उद्देश्य क्या है।



## 4 Scope / कार्य-क्षेत्र

Specifies where, when and to whom the SOP is applicable.

इसमें बताया जाता है कि SOP कहाँ, कब और किन कर्मचारियों या विभागों पर लागू होती है।



## 5 Responsibility / उत्तरदायित्व

Defines the duties of the persons responsible for performing, checking and supervising the procedure.

इसमें प्रक्रिया को करने, जाँचने और निगरानी करने वाले व्यक्तियों की जिम्मेदारियाँ बताई जाती हैं।



## 6 Definitions / परिभाषाएँ

Explains important technical terms and abbreviations used in the SOP.

SOP में प्रयुक्त महत्वपूर्ण तकनीकी शब्दों और संक्षिप्त रूपों की व्याख्या की जाती है।




## 7 Materials and Equipment / सामग्री एवं उपकरण

Lists the materials, instruments, equipment or documents required to perform the procedure.

प्रक्रिया के लिए आवश्यक सामग्री, उपकरण, यंत्र और दस्तावेजों की सूची दी जाती है।



## 8 Procedure / प्रक्रिया

Contains clear, sequential and step-by-step instructions for carrying out the activity correctly.

इसमें कार्य को सही तरीके से करने के लिए स्पष्ट एवं क्रमबद्ध चरण दिए जाते हैं।




## 9 Precautions and Safety Measures / सावधानियाँ एवं सुरक्षा उपाय

Includes important precautions, warnings and safety instructions to prevent errors, accidents or contamination.

इसमें त्रुटि, दुर्घटना या संदूषण से बचने के लिए आवश्यक सावधानियाँ और सुरक्षा निर्देश दिए जाते हैं।



## 10 Records and Documentation / अभिलेख एवं दस्तावेजीकरण

Specifies the records, registers, forms or reports that must be completed and maintained.

इसमें आवश्यक रिकॉर्ड, रजिस्टर, फॉर्म या रिपोर्ट को भरने और सुरक्षित रखने की जानकारी दी जाती है।




## 11 References / संदर्भ

Mentions books, guidelines, pharmacopoeias, regulations or other documents used while preparing the SOP.

SOP तैयार करने में उपयोग की गई पुस्तकों, दिशानिर्देशों, फार्माकोपिया या नियमों का उल्लेख किया जाता है।




## 12 Approval and Revision / अनुमोदन एवं संशोधन

Includes the names/signatures of the persons who prepared, checked and approved the SOP, along with revision date and version number.

इसमें SOP बनाने, जाँचने और अनुमोदित करने वाले व्यक्तियों के हस्ताक्षर तथा संशोधन तिथि और संस्करण संख्या दी जाती है।




PHARMACY INDIA




COD AVAILABLE ON

Flipkart amazon meesho




Contact for any Query - 6395596959

PHARMACY INDIA
www.pharmacyindia.co.in

# PHARMACY INDIA

www.pharmacyindia.co.in

PHARMACY INDIA
PHARMACY INDIA

Join YouTube Channel

PHARMACY INDIA LIVE

Pharmacy India Live

For Pharmacist Exam Preparations

SUBSCRIBE

Join WhatsApp & Telegram Channel

WhatsApp

Telegram

PHARMACY INDIA

# Join Pharmacy India app




SCAN ME

**PHARMACY INDIA**